भारतकोकिंगकोललिमिटेड
'एकमिनीरत्नकंपनी'
(कोल इण्डियालिमिटेडका एक अंग)
जनसर्म्पकविभाग
कोयलाभवन, कोयलानगर
धनबाद– 826005 (झारखण्ड)
दूरभाष / फैक्स:0326–2230202
वेबसाईट: www.bcclweb.in
ईमेल: bcclprodhanbad@gmail.com
सीआईएन : U10101JH1972GOI000918

BHARAT COKING COAL LIMITED
'A Mini Ratna Company'
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Public Relation Department
Koyla Bhawan, Koyla Nagar
Dhanbad- 826005 (Jharkhand).
Phone/Fax: 0326-2230202
website: www.bcclweb.in
email: bcclprodhanbad@gmail.com
CIN : U10101JH1972GOI000918

दिनांक –17.04.2021

प्रेस–विज्ञप्ति

बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक ने कोविड–19 की तैयारियों की समीक्षा की

निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल श्री पीवीकेआरएम राव ने कंपनी के सभी क्षेत्रों के अस्पतालों में कोविड –19 को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा के लिए क्षेत्रों के कार्मिक प्रबंधकों और क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारियों के साथ 17.04.2021 को एक ऑनलाइन समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

निदेशक (कार्मिक) ने कोविड –19 के मामलों में पुनः होने वाली वृद्धि को ध्यान में रखते हुए और इससे निपटने के लिए आपातकालीन तैयारियों की योजना, कोविड दिशानिर्देशों और दिन–प्रतिदिन के कार्यों में उन्हें शामिल करने पर जोर दिया। निदेशक (कार्मिक) ने कर्मचारियों को कार्यस्थल पर शरीरिक दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया, कोविड –19 से लड़ने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त श्रमशक्ति नियोजित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी को टीका लगवाने के लिए भी प्रेरित किया, वह स्वयं पहले ही टीका लगवा चुके हैं।

कोयला भवन मुख्यालय से श्री एस. एन. सिन्हा, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औ.सं.), सीएमओ तथा विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) बैठक में शामिल हुए। महाप्रबंधक (का. एवं औ. सं.) ने सभी क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधकों को बीसीसीएल मुख्यालय से वितरित कोविड–19 दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा। सीएमओ, बीसीसीएल ने सभी क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि अस्पतालों में शारीरिक दूरी और पीपीई किट का उचित उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने क्षेत्रों और मुख्यालय के बीच उचित संचार बनाए रखने पर भी जोर दिया।

उप महाप्रबन्धक (कार्मिक) /जनसंपर्क

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड